भारतीय कपास निगम लिमिटेड, THE COTTON CORPORATION OF INDIA LTD.

(भारत सरकार का उपक्रम, वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत)

साकार-I , 10 वी मंजील, गांधीग्राम रेल्वे स्टेशन के पास,

नेहरू ब्रिज के सामने, आश्रम रोड, अहमदाबाद- 380009

दूरभाष नंबर : 079-26588822, 079-25678128, फैक्स नंबर: 079-26589717

ई-मेल: ahmedabad@cotcorp.com, वेबसाईट: www.cotcorp.org.in

CIN: U51490MH1970GOI014733, GST NO: 24AAACT4053B1ZY

सं.भाकनि/अहद/विपणन(क्रय)/गोदाम/2017-18/ **दिनांक : 06.07.2018**

गोदाम हेतु निविदा सूचना

भारतीय कपास निगम लिमिटेड, अहमदाबाद को कपास मौसम वर्ष 2018-2019 के लिए पूर्ण बंधित रूई की गांठो के भण्डारण के लिये श्रेणी-1 गोदामो के EMPANELMENT हेतु निम्नलिखित प्रस्तावित जिलों के क्रेंदो लिए गोदामो की आवश्यकता है। जिसके लिये मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है ।

भरूच, वडोदरा, छोटाउदेपुर, साबरकांठा, अरावली, अहमदाबाद, मेहसाणा, तापी, नर्मदा, गांधीनगर, आणंद, नडीयाद, सुरत

इच्छुक पार्टीया निर्धारित निविदा फार्म नियम एवम शर्तों के साथ किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालयीन समय मे दिनांक: **19.08.18** तक शाखा कार्यालय से या निगम की वेबसाईट www.cotcorp.org.in एवं वेबसाईट www.eprocure.gov.in प्राप्त कर सकते है ।

सभी पहलुओ सें विधिवत तैयार निविदा फार्म मोहरबंध लिफाफे .जिस पर कपास मौसम वर्ष **2018-19** के लिए गोदाम हेतु निविदा अंकित हो महा प्रबंधक के नाम हमारे शाखा कार्यालय में उपरोक्त पते पर दिनांक: **20.08.18** को दोपहर **2.00** बजे या उससे पहले पहुच जाना चाहिए । निर्धारित समय में प्राप्त निविदाओ को उसी दिन **2.30** बजे उपस्थित निविदाकर्ता के समक्ष् खोला जायेगा

महा प्रबंधक

भारतीय कपास निगम लिमिटेड, अहमदाबाद

नियम एवम शर्तें

1. निविदा फार्म निर्धारित प्रपत्र मे ही भरे ।
2. समयोपरान्त प्राप्त व अपूर्ण भरी एवं अशर्तयुक्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी ।
3. निविदाकर्ताओं को निम्नानुसार निविदा प्रपत्र मे भरनी होगी –
   लिफाफा 'अ' – लिफाफा 'अ' पर तकनीकी बीड लिखकर उसमें तकनीकी बीड 1 रखें ।
   लिफाफा 'ब' – लिफाफा 'ब' पर वित्तीय बीड तकनीकी बिड लिखकर उसमें वित्तीय बीड रखें ।
   लिफाफा 'स' – लिफाफा 'स' पर " केन्द्रों पर प्रायवेट गोदाम प्रदाता हेतु वर्ष 2018-19 " की निविदा लिखकर उसमें अ और ब लिफाफा रखें ।
4. पार्टी द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले स्थान का किराया रेट प्रति गांठ प्रति माह की दर से दिया जाये व यह सभी करो सहित GST छोड़कर होना चाहिए ।
5. गांठो के स्टाक का Supervision प्राइवेट गोदाम उपलब्ध कराने वाली कम्पनी/पार्टी का होगा ।
6. गोदाम सुरक्षा कि सम्पूर्ण जिम्मेदारी के साथ; साथ lock & key कि व्यवस्था भी कम्पनी/पार्टी की होगी । गोदाम की एक चाबी (key) गोदाम उपलब्ध कराने वाली कम्पनी/पार्टी एवम एक चाबी निगम के अधिकार मे रहेगी ।
7. गोदाम मे स्थित निगम के स्टाक का रिकार्ड रखने का उत्तरदायित्व गोदाम उपलब्ध कराने वाली कम्पनी /पार्टी का होगा एवम पार्टी /कम्पनी को निगम के स्टाक के आवक एवम जावक का भी रिकार्ड रखना होगा एवम दैनिक आधार पर एक प्रति निगम को भेजनी होगी ।
8. गोदाम मे भण्डारित निगम के स्टाक का बीमा निगम द्वारा ही लिया जायेगा ।
9. पार्टी द्वारा गोदाम मे निम्न प्रकार की अग्निशमन व्यवस्था होनी चाहिये ।
   1) दरवाजे पर पर्याप्त मात्रा मे फायर एक्स्टोंग्युशर होन चाहिये ।
   2) प्रत्येक दरवाजे पर पानी से भरे ड्रम एवम रेत से भरी बाल्टीयॉ होनी चाहिए ।
   3) गौदाम के पास वाटर टेंक /हाईड्रन्ड व कुआ /बोरवेल होने से गोदाम को वरीयता दी जायेगी
   4) प्रतेयक गोदाम के दरवाजे सी.सी.टी.वी. केमरा एक माह के बेकअप के साथ संस्थापित किया हुआ होना चाहिये
   5) गोदाम में गांठें दीवार से 2-3 फूट छोड़कर व दो लॉट के बिच में भी कम से कम 2-3 फुट का अंतर छोड़कर थप्पी लगानी अनिवार्य होगी ।
10. जिन गोदामो मे फायर फाईटिंग एक्सटींगसर /हाईड्रन्ड / वाटर टेंक / कुआ (डिजल पम्प के साथ हो तो)/बोरवेल हो ,उन्हे वरीयता दी जायेगी ।
11 Dunnage कि व्यवस्था प्रायवेट गौदाम उपलब्ध कराने वाली कम्पनी/पार्टी की होगी । जिसके लिए कोई अतिरिक्त राशि देय नही होगी ।
12. गोदामो मे प्रति दिन साफ-सफाई कि ब्यवस्था सर्विस प्रोवाईडर कम्पनी की होगी । जिसके लिए उचित श्रमिक को व्यवस्था करनी होगी ।
13. निगम के अधिकारी /कर्मचारी द्वारा गोदामो के निरिक्षण के दौरान सम्पूर्ण रिकार्ड से संबधित दैनिक एवम मासिक स्टाक का प्रमाणपत्र देना होगा ।
14. गोदाम मे भण्डारित गांठो की दैनिक विवरणी एवम अन्य विवरणी जो भण्डारित गांठो के संबध मे हो नियमित रूप से निगम को सर्विस प्रोवाईडर कम्पनी द्वारा देनी होगी ।
15.. गोदाम तक आवागमन Proper Approach Road का होना आवश्यक है ।

16. गोदाम के फर्श की उंचाई सडक की लेवल से कम से कम एक से दो फुट उंची होनी आवश्यक है ताकि उसमे वर्षा का पानी ना जाने पाये तथा परिसर में पानी की निकासी की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए तथा छतो से पानी का रिसाव नही होना चाहिए ।अगर रिसाव होता हैं अथवा टूटफुट होती है तो मालिक द्वारा तुरन्त मरम्मत करवाना आवश्यक होगा गोदाम में खिड़की वेंटिलेशन पर जाली लगी होनी चाहिये ताकि पक्षी आदि गोदाम में न आने पाये अन्यथा निगम के स्टॉक को होनेवाले नुकसान की जिम्म्देदारी गोदाम को प्रदान करनी होगी

17. गोदाम के फर्श पक्के होने चाहिए ।खिड़की वेंटिलेशन पर जाली लगी होनी चाहिये ।

18. गोदाम सुरक्षा दृष्टि से उपयुक्त होना चाहिए एवम रुई की गांठो हेतु Store worthy होना चाहिए ।

19. गांठो का किराया गोदाम मे पडी वास्तविक अवधि अनुसार देय होगा ।

20. जिस पार्टी /कम्पनी द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले गोदाम का निगम द्वारा अनुबन्धित किया जायेगा उस पार्टी द्वारा 100/-रूपये के नोन ज्युडीशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबंध हस्ताक्षर कर देना होगा ।

21. पार्टी /कम्पनी द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले गोदाम के किराये का भुगतान बिल प्राप्ति के 10 दिनो के अन्दर –अन्दर किया जायेगा ।बिल मासिक आधार पर प्रस्तुत किया जाये ।

22. गोदाम केवल हमारे अधिकृत अधिकारी द्वारा निरिक्षण के बाद ही फाईनल किये जायेगे जिसकी सूचना पत्र द्वारा /दूरभाष द्वारा गोदाम मालिको को दी जायेगी ।गोदामो का चयन रूई गांठो के भण्डारण हेतु उपयुक्ता को देखकर लिया जायेगा ।

23. निविदा फार्म भारतीय कपास निगम लिमिटेड की बेबसाईट www.cotcorp.org.in या सरकारी बेबसाईट www.eprocure.gov.in से डाउनलोड अथवा हमारे कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालयीन समय मे प्राप्त किया जा सकता है ।

24. निविदा निर्धारित समय पर उपस्थित निविदाकर्ताओ की उपस्थिति मे खोली जायेगी ।

25.. गोदाम में किसी भी प्रकार के विद्युत कनेक्शन (Electrical Connection) नही होने चाहिये ।

26. गोदाम में चारों तरफ की कम्पाउन्ड वाल होने पर प्राथमिकता दी जायेगी ।

27. गोदाम में गाठों की आवागमन के कारण अगर कोई क्षति होती है तो निगम की कोई जिम्मेदारी नही रहेंगी ।

28 निगम न्यूनतम कार्य की किसी प्रकार करी गारंटी नही देता है । निगम गोदाम लेने के लिए बाध्य नही होगा भण्डारण की आवश्यकता एवम गोदाम की उपलब्धता को देखते हुए ही गोदाम लेने का निर्णय निगम द्वारा लिया जायेगा ।

29. किसी भी निविदा को पूर्णत: या अंशत: अथवा सभी निविदाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार निगम अपने पास सुरक्षित रखता है और परिस्थितियों कों देखते हुए निगम उपरोंक्त नियम एवं शर्तो पर पुन: विचार कर सकता है ।

30. टैक्स की कटौती आयकर नियमानुसार की जायेगी ।

31. इस संविदा के बाहर अथवा इससे संबंधित किसी प्रकार का कानूनी विवाद के निपटारे के लिए अधिकार क्षेत्र न्यायालय, अहमदाबाद होगा ।

32. **मध्यस्थता:-** इस सविंदा से संबंधित कोई भी विवाद उठता है तो वह विवाद मध्यस्थता के लिए किसी मध्यस्थता (जो निगम का कोई कमचारी नही होगा) को सौपा जाएगा। मध्यस्थता का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा । मध्यस्थता को मध्यस्थता एवम समाधान अधिनियम 1996 तथा उसके बाद किसी सांविधिक पुन: अधिनियम तथा संशोधन के प्रावधान के अनुसार नियंत्रित और आयोजित किया जाएगा ।

33. यदि निविदाकर्ता निविदा की किसी भी शर्ते और/ या निविदा की प्रक्रिया के बारे में शाखा कार्यालय से जानकारी चाहे तो मांग सकता है । इसके अतिरिक्त कोई निविदा अस्वीकृत की जाती है या निविदा दस्तावेज संबंधित निविदाकर्ता को नही दिया जाता है तो निविदाकर्ता निविदा अस्वीकृत करने संबंधी कारण शाखा कार्यालय से मांग सकता है ।

मुझे/हमें उपरोक्त नियम एवं शर्ते स्वीकार है ।

हस्ताक्षर _____

दिनांक _____ गोदाम प्रदाता कम्पनी /पार्टी_____

भारतीय कपास निगम लिमिटेड, THE COTTON CORPORATION OF INDIA LTD.

भा.क.नि. CCI

(भारत सरकार का उपक्रम, वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत)
साकार-I , 10 वी मंजील, गांधीग्राम रेल्वे स्टेशन के पास,
नेहरू ब्रिज के सामने, आश्रम रोड, अहमदाबाद- 380009

सूचना का अधिकार

दूरभाष नंबर : 079-26588822, 079-25678128, फैक्स नंबर: 079-26589717
ई-मेल: ahmedabad@cotcorp.com, वेबसाईट: www.cotcorp.org.in
CIN: U51490MH1970GOI014733, GST NO: 24AAACT4053B1ZY

Technical Bid

1. **Name of Service Provider Co. / Owner of Godown:** ----------

2. **Telephone Number** : ----------
3. **Name of Contact Person** : ----------
   1) Phone No. ----------
   2) Mobile No. ----------
   3) Fax No. ----------
   4) E-Mail----------

4. **PAN Number (with photocopy)** :----------

5. **TIN Number (If any)** :----------

6. **GST.NO. (COPY MUST BE ATTACHED)** :----------

7. **Full address of Service Provider Co** : ----------

   ----

8. **Name of Nearest Centre** : _____

9. **Details of Fire Fighting Equipment** : NOS_____CAPACITY_____

10. **No. of CCTV installed at Gate (with one month backup)** : _____
11. **Nature of Construction** : _____

12. **Work Experience Certificate (If any)** : Yes/No

    1) Name of Company/Firm : Years of Experience

14. **Approved building layout copy to be attached** : Yes/No

15. **Stacking layout plan copy to be attached** : Yes/No

I / We accept all terms and conditions of Tender.

Date: --------

Place: --------

Authorised Signature:-

With Stamp and Seal Seal.

भारतीय कपास निगम लिमिटेड, THE COTTON CORPORATION OF INDIA LTD.

(भारत सरकार का उपक्रम, वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत)
साकार-I , 10 वी मंजील, गांधीग्राम रेल्वे स्टेशन के पास,
नेहरू ब्रिज के सामने, आश्रम रोड, अहमदाबाद- 380009

दूरभाष नंबर : 079-26588822, 079-25678128, फैक्स नंबर: 079-26589717
ई-मेल: ahmedabad@cotcorp.com, वेबसाईट: www.cotcorp.org.in
CIN: U51490MH1970GOI014733, GST NO: 24AAACT4053B1ZY

Financial Bid

1.

Sr.No.	Name of Godown & Complete Address	Godown Size Width * Length	Ceiling Height	Storage Capacity in Bales	Rate Per Bale/PerMonth(Inclusive of all Taxes) Except GST Rs.

I/ We accept all terms and conditions of Tender.

Date: ----------

Place: ----------

Authorized Signature:-

With Stamp and Seal.